Bal Bharati
PUBLIC SCHOOL
Sector-21, Noida, G.B. Nagar

<u>प्रतिवेदन</u>

बाल सभा गतिविधि (2024-25)

अंतर वर्गीय गतिविधि

दोहा गायन (कबीर दास)

गतिविधि की तिथि: 17 सितंबर 2024

स्थान: प्राथमिक पुस्तकालय

प्रभारी: कक्षाओं के कक्षा शिक्षक I/II/III/IV/V

उद्देश्य:

- हिंदी दिवस का मुख्य उद्देश्य छात्रों में हिंदी के प्रति जागरूकता को बढ़ाना है।
- हिंदी दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शब्दावली और भाषा कौशल को बढ़ाना है जिससे उनके संचार कौशल में वृद्धि होगी।

"माँ भारती के माथे का श्रृंगार है हिंदी,
हिंदुस्तान के बाग की बहार हैं हिंदी,
तुलसी, कबीर, सूर और रसखान के लिए,
ब्रहमा के कमंडल से बही धार हैं हिंदी"

हिंदी न केवल भारत की सबसे व्यापक रूप से बोले जाने वाली भाषा है बल्कि भारतीय संस्कृति, साहित्य और इतिहास की गहरी पहचान भी हैIहिंदी भाषा देश के विभिन्न हिस्सों को एक सूत्र में बाँधती है। 14 सितंबर 1949 को हिंदी हमारे देश की राजभाषा के रूप में स्वीकार की गई। हिंदी दिवस का मुख्य उद्देश्य स्कूल और अन्य संस्थानों में हिंदी भाषा से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करना हैं। हिन्दी दिवस की 75वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में विद्यालय के प्राथमिक विभाग की मुख्य अध्यापिका श्रीमती विनया पुजारी जी के मार्गदर्शन द्वारा 10 से 17 सितंबर तक रोमांचक और प्रेरणादायक हिंदी दिवस सप्ताह के रूप में मनाया गया। हिंदी दिवस के अंतर्गत कक्षा पहली में अपनी मनपसंद आकार के कटआउट से शब्द लड़ी बनाना, कक्षा दूसरी में शब्द अंत्याक्षरी, कक्षा तीसरी में अधूरी कहानी पूरी करो तथा कक्षा चौथी और पाँचवीं में दोहा गायन गतिविधियों का आयोजन करवाया गया। जिसमें कक्षा एक से पाँच तक के विद्यार्थियों ने सफलता पूर्वक भाग लिया। इस प्रकार प्रत्येक कक्षा में अलग-अलग गतिविधियाँ हुई जिनका सभी छात्रों ने भरपूर आनंद लिया।





हिंदी दिवस का मुख्य आकर्षण कबीर दास जी रचित दोहों का गायन था जो बालसभा गतिविधि के रूप में जो कक्षा चौथी और पाँचवीं के विद्यार्थियों के द्वारा करवाई गई। यह बालसभा गतिविधि दो चरणों में पूर्ण की गई जिसके प्रथम चरण में प्रत्येक वर्ग से चयनित छात्रों ने निर्णायक चक्र में अपनी प्रतिभा का बहुत ही उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर सुनिश्चित किया गया।

परिणाम
अंतर वर्गीय गतिविधि
दोहा गायन (कबीर दास)

दिनांक -17-09-2024

कक्षा - IV

क्र.सं.	छात्र का नाम	कक्षा एवं वर्ग	उपलब्धि
1	RIYANSHIBHATTACHARYA	IV B	प्रथम स्थान
2	YEDHANT TANEJA	IV F	द्वितीय स्थान
3	RUSHIKA YADAV	IV B	तृतीय स्थान

कक्षा -V

क्र.सं.	छात्र का नाम	कक्षा एवं वर्ग	उपलब्धि
1	YATHARTH GUPTA	V B	प्रथम स्थान
2	ANISHA PAUL	V B	द्वितीय स्थान
3	BHUVIKA JOHRY	V A	तृतीय स्थान

रिपोर्ट प्रस्तुतकर्ता:

(रीना रानी)

पर्यवेक्षण:

श्रीमती विनय पुजारी

(प्रधानाध्यापिका प्राथमिक)